कार्रवाई ईश्वर कृपा कॉम्प्लेक्स स्थित दुकानों को अनुबंध के शर्तों के विपरीत संचालन का आरोप, नगर निगम की कार्रवाई

ईश्वरकृपा कॉम्प्लेक्स के बियर बार और दुकानें सील

नवभारत, कटनी। 14 सालों से सरकारी खजाने को चूना लगाने और लीज की शर्तों का सरेआम उल्लंघन करने के आरोप में नर्बदा कौनटेक प्रायवेट लिमिटेड नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए जंक्शन बार को सील कर दिया है। नगर निगम की टीम ने रेलवे स्टेशन के पास स्थित इस ईश्वर कृपा कॉम्प्लेक्स स्थित दुकानों को भी सीज कर तालाबंदी की है।

जानकारी के अनुसार नगर निगम का 1.35 करोड़ मूल किराया और 24.29 लाख ब्याज मिलाकर कुल 1 करोड़ 59 लाख 28 हजार 641 रूपए बाकी था। साथ ही यह आरोप भी है कि बगैर अनुमति के सिकमी के माध्यम से शराब ठेकेदार को दुकान को किराए में दिया गया था। लीजधारक के पार्टनरशिप वाले झूठे दावे की पोल खुद शराब दुकान संचालक के लिखित जवाब ने खोली। नगर निगम द्वारा 1 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिए 172 माह का मूल किराया 1 करोड़ 34 लाख 98 हजार 848 रूपए निर्धारित किया गया है। इस पर 18 प्रतिशत की दर से 24 लाख 29 हजार 793 रूपए ब्याज जोड़कर बकाया राशि 1 करोड़ 59 लाख 28 हजार 641 रूपए हो गई है।

इसी भारी-भरकम राशि की वसूली के लिए नगर निगम ने लीज निरस्त कर सीलिंग कार्रवाई की है। आयुक्त के आदेश के परिपालन में सोमवार को नगर निगम के राजस्व और अमले ने स्टेशन रोड स्थित वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स में दबिश दी।

नियमों के खिलाफ संचालित बीयर बार और अवैध रूप से दी गई सिकमी दुकानों में तालाबंदी करते हुए उन्हें विधिवत सीज कर दिया गया। अनुबंध पत्र की शर्त क्रमांक दो का उल्लंघन कर परिसर में बिना अनुमति शराब दुकान और बीयर बार चलवाया जा रहा था। जब नगर निगम ने शराब दुकान संचालक अजीत प्रताप सिंह से जवाब मांगा, तो उन्होंने लिखित में दिया कि उन्होंने यह दुकान किराए सिकमी पर ली है और राजेश काकवानी से उनका कोई पार्टनरशिप संबंध नहीं है। इस कबूलनामे के बाद लीजधारक का फर्जी दावा पूरी तरह बेनकाब हो गया। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने मध्यप्रदेश नगर निगम अधिनियम 1956 की धाराओं के तहत लीज निरस्त कर दी है।

इसके अलावा उपायुक्त शैलेश गुप्ता को दिए गए वारंट के तहत सीलिंग की कार्रवाई के साथ-साथ बकायादार की चल-अचल संपत्ति को कुर्क कर नीलाम करने की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। इस कार्रवाई को लेकर शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

लाल पहाड़ी को हरा-भरा बनाने लगाए गए पौधे

नगर निगम ने लगवाए पौधे, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवभारत, कटनी। वर्षा ऋतु में शहर को अधिक हराभरा और पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा चलाए जा रहे वृहद पौधारोपण अभियान को नागरिकों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। इसी क्रम में रविवार को लाल पहाड़ी परिसर में युवाओं और निगम कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार और छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया। नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर आशुतोष मानके की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में विजन समूह के सदस्यों ने पौधारोपण के साथ उनकी नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर शिवांक सिंह, अनामिका चक्रवर्ती, हमजा शेख, शहनाज खान, फातिमा बी, ओम तिवारी, काव्या गुप्ता, दीक्षा गुप्ता, यश बेन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। युवाओं के उत्साह और सहभागिता ने अभियान को जनभागीदारी का सशक्त स्वरूप प्रदान किया। नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य हरित क्षेत्र का विस्तार, पर्यावरण संरक्षण तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना है। लाल पहाड़ी में लगाए गए पौधे भविष्य में शहर की हरियाली बढ़ाने के साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शहर में पौधारोपण के लिए लाल पहाड़ी के अलावा अमकुही क्षेत्र सहित अन्य स्थान शामिल है।

एक नजर में

सीएसपी की शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं करने की मांग

नवभारत,कटनी। जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कटनी सीएसपी और उनके ड्राइवर पर ट्रांसपोर्टर से डरा-धमकाकर अवैध वसूली करने का आरोप लगा है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कार्रवाई करते हुए सीएसपी के चालक को निलंबित कर दिया है और मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंप है, इसी मामले में नया मोड़ तब आ गया, जब शिकायत करने वाले आवेदक ने एक दूसरा आवेदन देकर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं करने की मांग की है। पहले की गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि साई अपार्टमेंट गल्ला मंडी रोड निवासी ट्रांसपोर्ट व्यवसायी महेंद्र कुमार जैन ने एसपी से शिकायत की थी कि 21 जुलाई की रात करीब साढ़े 11 बजे लमतरा धर्मकांटा के पास उनके हाईवा ट्रक को रोका गया। आरोप है कि सीएसपी नेहा पच्चीसिया और उनके ड्राइवर केशव सिंह ने ट्रक चालक असलम से गाली-गलौज करते हुए मोबाइल और ट्रक की चाबी छीन ली और मालिक को मौके पर बुलाने का दबाव बनाया। शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक ने सीएसपी के चालक को निलंबित कर दिया था और एएसपी को जांच करने कहा था।

कॉलेज में शुरू किया जाए पोस्ट ग्रेज्यूएशन पाठ्यक्रम

कॉलेज में पीजी और आईटीआई कक्षाएं शुरू करने की मांग

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले के ढीमरखेड़ा शासकीय कॉलेज में स्नातकोत्तर विषय पाठ्यक्रम और एवं आईटीआई की कक्षाएं शुरू कराने की मांग को लेकर राष्ट्रीय भारतीय छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष अजय खटीक द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि एमए, एमएससी पाठ्यक्रम की अनुपलब्धता, शासकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर, पाठ्यक्रम नहीं होने के कारण स्नातक पास करने वाले छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है, जहाँ रहना और पढ़ना बेहद खर्चीला और कष्टदायक होता है। इस वजह से कई छात्र पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर हो जाते हैं। क्षेत्र आदिवासी बहुल और ग्रामीण होने के कारण यहां के युवाओं को तकनीकी शिक्षा और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की अत्यंत आवश्यकता है। कॉलेज में आईटीआई की कक्षाएं शुरू होने से स्थानीय छात्रों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा और सुविधा मिलेगी। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि छात्र हित में शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में जल्द से जल्द स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम और आईटीआई की कक्षाएं प्रारंभ कराई जाएं। ज्ञापन के दौरान आनंद मिश्रा जी ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी ढीमरखेड़ा कमलेश रजक मंडलम अध्यक्ष ढीमरखेड़ा, एनइसयूआई के अध्यक्ष सागर शुक्ला, अतुल त्रिपाठी सेक्टर प्रभारी ढीमरखेड़ा, ओंकार शर्मा, अज्जू पटेल, प्रकाश पटेल,सुमित लोधी, अमित लोधी, रोहित पटेल, सपना काछी, अनामिका काछी, शैलेश लोधी, सुहानी लोधी, ज्योति लोधी शानू काछी सहित अन्य की उपस्थिति रही।

बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, दिया अल्टीमेटम

बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर जताई गई नाराजगी

नवभारत, बाकल । बहोरीबंद तहसील के बाकल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में सोमवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।

विभिन्न गांवों के ग्रामीणों ने बाकल विद्युत वितरण केंद्र पहुंचकर कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर नियमित बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से प्रतिदिन रात में बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। इससे भीषण गर्मी में लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है तथा घरेलू और व्यावसायिक कार्यों में भी गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद विद्युत विभाग न तो कटौती का कारण स्पष्ट करता है और न ही समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई प्रभावी कदम उठा रहा है। बाकल, मंगेला, पटोरी, राजा सलैया, खमतरा, इमलिया, रतनपुरा, कुम्हरावरा और आगोध सहित कई गांवों के ग्रामीणों ने बाकल मंडल अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया है कि यदि 10 दिनों के भीतर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीण चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। ग्रामीणों ने विद्युत वितरण केंद्र की कार्यप्रणाली पर भी नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि 1912 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कई मामलों में महीनों तक सुधार कार्य नहीं किया जाता। क्षेत्र के अनेक स्थानों पर बिजली की केबलें क्षतिग्रस्त हैं, जबकि कुछ जगहों पर केबल चोरी होने के बाद भी नई केबलें नहीं डाली गई हैं। इससे आए दिन विद्युत आपूर्ति बाधित होती रहती है। ग्रामीणों ने लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि विभाग की उदासीनता का खामियाजा आम उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान किसान पटेल, भगवान दास पटेल, अर्जुन सिंह, सूरत पटेल, निलेश अग्रवाल, बबलू राय, राजाराम पटेल, कृष्ण कुमार लोधी, जितेंद्र सिंह चंदेल, शंकर चक्रवर्ती, राजू ठाकुर, वीरेंद्र पटेल, सतेंद्र कुमार, गुड्डू वंशकार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सत्संग में श्रद्धालुओं को दिया भक्ति, सेवा, प्रेम और मानवता का संदेश

संत निरंकारी भवन में किया गया सत्संग का आयोजन

नवभारत, कटनी। संत निरंकारी मिशन द्वारा रविवार को संत निरंकारी सत्संग भवन, माधव नगर में महिला जिला स्तरीय सत्संग का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता जी के पावन आशीर्वाद से और बहन आशी चपुकार के पावन सानिध्य में हुआ। सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित सत्संग में श्रद्धालु महिलाओं ने भक्ति, सेवा, प्रेम एवं मानवता का संदेश ग्रहण किया। वक्ताओं ने सतगुरु की शिक्षाओं पर चलते हुए प्रेम, सद्भाव, सेवा और आपसी भाईचारे का जीवन में महत्व बताया तथा समाज में सकारात्मक सोच के साथ मानव सेवा के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में कटनी जिले सहित बड़वारा, कैमोर, जिन्ना, पिपरिया, लखा, पटेरी, बरही क्षेत्र से काफी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सत्संग के समापन के बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रेमपूर्वक लंगर प्रसाद की व्यवस्था भी की गई।

न्यू बस स्टैंड निर्माण, साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की मांग, सौंपा ज्ञापन

15 अगस्त तक मांगे पूरी नहीं होने पर आत्मदाह की चेतावनी

नवभारत, उमरियापान। क्षेत्र की लंबित जनसमस्याओं को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रकांत चौरसिया के नेतृत्व में न्यू बस स्टैंड, उमरियापान में धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार इसरार खान को सौंपते हुए चेतावनी दी गई कि 15 अगस्त से पहले समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो आत्मदाह के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। आंदोलन की शुरुआत करगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद वक्ताओं ने कहा कि उमरियापान की मूलभूत समस्याएं वर्षों से अनदेखी का शिकार हैं, लेकिन अब तक उनका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से न्यू बस स्टैंड के शीघ्र निर्माण, नगर में स्वच्छता और नियमित साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, जर्जर सड़कों की मरम्मत, पान कृषकों को आपदा के दौरान वंचित रहे मुआवजे का भुगतान, उमरियापान-सिहोरा मार्ग के लगभग 7 से 8 किलोमीटर हिस्से का पुनर्निर्माण, उमरियापान-भसेंडा मार्ग की मरम्मत, साप्ताहिक बाजार की सुव्यवस्थित व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को सुचारु करने सहित अन्य जनहित से जुड़े मुद्दे शामिल किए गए। धरना-प्रदर्शन के दौरान चंद्रकांत चंदू चौरसिया ने कहा कि प्रशासन को कई बार इन समस्याओं से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 15 अगस्त से पहले सभी प्रमुख मांगों पर ठोस पहल नहीं की गई, तो उग्र आंदोलन के साथ आत्मदाह जैसा कदम उठाने पर विचार किया जाएगा।

बेकाबू कार ने मारी बुजुर्ग को टक्कर, हालत गंभीर

नवभारत, कटनी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीरबाबा के सामने एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों और एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। जबलपुर की ओर से आ रही कार की चपेट में आने से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। नागरिकों ने तुरंत घायल बुजुर्ग को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल कटनी पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त कार जबलपुर से आ रही थी। कार चालक शराब के नशे में था और वाहन पर से नियंत्रण खोने के कारण यह हादसा हुआ।

भक्ति कटाएघाट में झूलेलाल चालीहा महोत्सव समिति द्वारा की गई जल देवता की आराधना, काफी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

नदी घाट में पहुंचे श्रद्धालु, पूजन-अर्चन, भजन-कीर्तन और आरती कर किया दीप दान

नवभारत, कटनी। झूलेलाल चालीहा महोत्सव के अवसर पर भगवान झूलेलाल चालिहा समिति द्वारा गुरूनानक वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में विगत 14 जुलाई से विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 40 दिनों तक रोजाना भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना, आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया जा रहा है, जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंहुचकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

सुबह, शाम मंदिर में भजन कीर्तन, आरती, पल्लव व दीनबंधु भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी संजय खूबचंदानी ने बताया कि झूलेलाल चालिहा सम्मति द्वारा आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की कड़ी में रविवार को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक कटाएघाट के तट पर जल देवता की पूजा अर्चना भजन कीर्तन, अखो पल्लव, आरती व दीप दान किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने जलदेवता से देश की खुशहाली व भरपूर बारिश की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। गौरतलब है कि चालिहा महोत्सव के अंतर्गत प्रत्येक रविवार को जल देवता का पूजन अर्चन किया जाता है।

इस अमर उड़ेरोलाल की आराधना में श्रद्धालुओं की साधना देखकर जल देवता जलाधिपति की अराधना श्रद्धालुओं की साधना बनी। अंत में स्वल्पहार के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मोहनलाल बत्रा, त्रिलोकचंद भोजवानी, महेश बहलानी, अशोक बेसानी, हरीश बहलानी, अमर चेतवानी, पंडित दिनेश शर्मा, गोविन्द सचदेवा, नेवंदराम खूबचंदानी, वीरेंद्र लालवानी, सुरेश गांधी, गायक नरेश चंदानी, बालचंद चेतवानी, नानकराम खूबचंदानी, मोहन रोहरा, राजकुमार खियानी, गोतम गलानी, महेश रोचलानी, प्रेम बत्रा, हेमंत सखानी, अजित केसवानी, नारायण बलेचा, राजेश खूबचंदानी, कालू तनवानी, मनोहर उधवानी, मनोहरलाल बजाज, संजय खूबचंदानी, गुलाब आहूजा, हरीश पंजवानी, बसंत थारवानी, लख्मी पंजवानी, मेंघराज खूबचंदानी , महेश रावलानी, अमर पुरुसवानी, बलराम हासानी, अमृत तनवानी, महेश होतवानी, पार्षद गोविंद चावला मदन सेवलानी, रवि मोटवानी, डॉ प्रेम जसूजा, अमर पंजवानी, सुरेश बजाज, दीपक भठीजा, गोप मोटवानी, नरेश छाब्बड़ा सहित अन्य की उपस्थिति रही।